पुराने ठिये से ही दौड़ रहीं बसें, आईएसबीटी ठप्प

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 19 नवम्बर. प्रशासन के तमाम प्रयासों के बाद भी आईएसबीटी से भिण्ड एवं मुरैना जाने वाली बसों का संचालन नहीं हो पा रहा है। प्रशासनिक आदेश को 9 दिन बीत जाने के बाद भी

भिण्ड एवं मुरैना जाने वाली बसों का संचालन नहीं हो पा रहा

बसें पड़ाव से संचालित हो रही हैं। जिसके कारण 64 करोड़ की लागत से बना आईएसबीटी सफेद हाथी बन कर रहा गया है। आज तक भिण्ड एवं मुरैना की ओर जाने वाली बसें पड़ाव स्थित बस स्टैण्ड से सवारी बैठाकर अपने गंतव्य की ओर रवाना हो रही हैं।

शुरू में बसों को आईएसबीटी का फेरा लगाने की कवायद भी अब ठण्डी पड़ चुकी है।

प्रशासनिक आदेश के तहत 10 नवंबर से भिण्ड एवं मुरैना जाने वाली सभी बसों को आईएसबीटी से चलना था, लेकिन इसके बाद बसें नहीं चली तो आरटीओ के जवान सुबह 11 बजे आईएसबीटी पहुंचे और वहां पर बसों को 5 मिनट खड़ा करवाकर वापस पडाव भेज दिया था। यह क्रम लगभग एक सप्ताह तक चला, इसके बाद फिर से आरटीओ का अमला ठंडा पड़ गया और यात्री बसें बिना रूके ही पड़ाव से संचालित हो रही हैं।

न सवारी वाहन चले, न बसें रूकी

सवारी वाहनों की नहीं हुई व्यवस्था : आईएसबीटी का संचालन नहीं होने के कारण जिन वाहनों को परमिट दिए गए हैं, वह भी आईएसबीटी तक नहीं जा रहे हैं। अगर बसों का संचालन पड़ाव की जगह आईएसबीटी से शुरू कर दिया जाता तो सवारी वाहन भी वहां तक पहुंचते।

भिण्ड मुरैना से ज्यादा आईएसबीटी तक पहुंचने का किराया... ग्वालियर से भिण्ड का किराया लगभग 100 से 120 रुपए है, जबकि मुरैना का किराया लगभग 50 रुपए के करीब है। जबकि शिंदे की छावनी, बहोड़ापुर सहित शहर के अन्य हिस्सों से ऑटो में बैठकर आईएसबीटी पहुंचने का किराया 200 रुपए लग रहा है।

इनका कहना है

आईएसबीटी से बसों के संचालन के लिए व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं। बस आपरेटरों की भी कुछ समस्याएं हैं जिन्हें हल किया जाना है, अभी पूरी प्रकिया चल रही है। आने वाले समय में बसों का संचालन आईएसबीटी से ही होगा।

- विक्रमजीत सिंह कंग, आरटीओ ग्वालियर

यह सुविधाएं हैं आईएसबीटी में

- 25 एकड़ क्षेत्रफल में बना है।
- हेरिटेज थीम पर किया गया है निर्माण
- ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट के अनुरूप किया गया है निर्माण
- जल संरक्षण, प्राकृतिक प्रकाश की व्यवस्था
- 152 प्लेटफार्म
- 132 बसों के खड़े होने की सुविधा।
- 85 बसों की पार्किंग की सुविधा
- सार्वजनिक शौचालय, दिव्यांगजनों की सुगमता के लिए बाधारहित पथ।
- सुव्यवस्थित आगमन व प्रस्थान स्थल।
- बस चालकों के लिए विश्राम कक्ष।
- बसों के लिए वर्कशॉप क्षेत्र अलग से।
- पार्किंग व्यवस्था। पिक एंड ड्रॉप लेन तथा पर्याप्त
- आने एवं जाने के लिए अलग से गेट

प्रशासन की अनदेखी से रोड पर लग रहे ठेले,रोज लगता जाम

संजीव कुमार शर्मा

ग्वालियर 19 नवम्बर. झांसी रोड नाका चंद्रवंदनी चौराहे पर पुल के पास ट्रैफ़िक की समस्याएं कई बार अधिकारियों से शिकायत करने के वाबजूद तस बनी हुई है। पुल पर हर रोज लगने वाले जाम की समस्या से स्थानीय लोग बहुत परेशान हो रहे हैं। कम होने की बजाए यह समस्या दिन प्रतिदिन बड़ती ही जा रही हैं। इस समस्या का कारण है यहां लगने वाले सब्जी के ठेले और सब्जी लेने वाले लोगों की गाड़ियों के कारण पुल पर लगने वाला जाम, जिससे आने-जाने वाले लोगों को परेशानी होती है। यहां तक कि एम्बुलेंस भी जाम में फंस जाती है, लेकिन पुलिस कर्मी और प्रशासन इस समस्या का समाधान करने में असफल रहे हैं।

सब्जी वालों को पुल के बगल में जगह दी गई है, लेकिन वे रोड पर ही ठेले लगाते हैं। प्रशासन की अनदेखी के कारण यह समस्या बढ़ रही है। लोगों का कहना है कि अगर प्रशासन इस समस्या का समाधान नहीं करता है, तो यह समस्या और भी गंभीर हो जाएगी।

इनका कहना है....

चंद्रवंदनी नाका पुल के पास से जितनी बार भी मैं निकलता हूं मुझे परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसका कारण है यहां लगने वाले अव्यवस्थित सब्जी के ठेले और सब्जी खरीदने आने वाले लोग जिनकी वजह से यहां हमेशा जाम की स्थिति रहती है। पुलिस और प्रशासन इन ठेले वालों को यहां से हटाने का कोई ठोस कार्य नहीं कर रहा है। **श्याम सुंदर शर्मा गुरु महाराज**

जनता की परेशानी क्या होती है यह नाके पर स्थित इस पुल के पास आकर अधिकारियों को देखना चाहिए। जहां हम लोग रोज परेशान होते हैं। यहां जाम में बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग या बीमार व्यक्ति कोई भी फस जाए किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता।

कोमल

पूरा ग्वालियर इस समय परेशानियों से जूझ रहा है हमारे अफसर क्या कर रहे हैं यह किसी को नहीं पता। नाके पर पुल के पास अवैध सब्जी मंडी लग रही है क्यों नहीं हटाई जा रही समझ नहीं आ रहा। **मोहन चोटी**

चेतकपुरी के पास झुग्गी झोपड़ी के पास बैठा मिला नाबालिग बालक

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 19 नवम्बर. अपहृत 10 वर्षीय नाबालिग बालक को ग्वालियर पुलिस ने चंद घंटे के अंदर सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। सीमा किरार (परिवर्तित नाम) निवासी मुड़िया पहाड़, थाना झांसीरोड जिला ग्वालियर ने अपने 10 वर्षीय नाबालिग बालक के गायब होने की सूचना थाना पर दी थी, जिसमें बताया था कि आज मेरा नाबालिग 10 वर्षीय बालक दोपहर के समय घर से बिना बताये कहीं चला गया है और वह ईसीएस बैगलेस स्कूल की ड्रेस पहने हुए है। जो घर वापस नही आया, उसकी सभी जगह तलाश की गई लेकिन नही मिला। मेरे नाबालिग बालक को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर कही ले गया है। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर सर्चिंग की और बालक के पोस्टर व फोटो को सोशल मीडिया ग्रुप पर प्रसारित किया। बालक के घर से लेकर चंद्रबदनी नाका, चेतकपुरी तक के क्षेत्र के सीसीटीव्ही फुटेज चेक किये गये और बालक के जाने का रूट मैप तैयार कर चेतकपुरी के पास पहुंचे। तब तक सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी फैलने के कारण सूचना प्राप्त हुई कि एक बच्च चेतकपुरी के पास झुग्गी झोपड़ी के आगे बैठा हुआ है। उक्त सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, जहां पर बालक बैठा मिला जिसे पुलिस द्वारा सकुशल बरामद किया गया।

नि :शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का समापन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 19 नवंबर. महावीर इंटरनेशनल ग्वालियर एवं दिल्ली शाखा के संयुक्त तत्वावधान में तथा श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संस्थान कमेटी के सहयोग से 19 नवम्बर को नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर श्री जैन श्वेताम्बर धर्मशाला, वैरागपुरा, सराफा बाज़ार, ग्वालियर में प्रात: 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित हुआ.

कार्यक्रम में जयारोग्य हॉस्पिटल के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. डी.के. शाक्य एवं उनकी विशेषज्ञ टीम द्वारा विभिन्न नेत्र रोगों की जाँच, मोतियाबिंद की स्क्रीनिंग, दृष्टि परीक्षण एवं उपचार संबंधी परामर्श प्रदान किया गया। शिविर के आयोजन में अमेरिका निवासी समाजसेविका श्रीमती आशा प्रकाश जैन का उल्लेखनीय आर्थिक एवं नैतिक सहयोग प्राप्त हुआ।

महावीर इंटरनेशनल फाउंडर ट्रस्ट के ट्रस्टी पारसमल पारख ने बताया कि महावीर इंटरनेशनल का मूल उद्देश्य समाज में सेवा, संवेदना और जागरूकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने अमेरिका निवासी समाजसेविका श्रीमती आशा प्रकाश जैन के सहयोग की भी सराहना की. कार्यक्रम में महावीर इंटरनेशनल ग्वालियर के अध्यक्ष वीर राकेश शिवहरे, सचिव वीर अमित शिवहरे, तथा श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संस्थान कमेटी के अध्यक्ष वीर तिलकराज जैन, वीर सुदर्शन जैन, डॉ. एस.सी. मेहता, वीर अरूण चौरड़िया, वीर अमित पारख की उपस्थिति रही।

आईटीएम में तीन दिवसीय 'अरुण जेटली मेमोरियल मूट कोर्ट प्रतियोगिता' आयोजित

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 19 नवंबर. आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के स्कूल ऑफ लॉ द्वारा तीन दिवसीय 'अरुण जेटली मेमोरियल मूट कोर्ट प्रतियोगिता-2025' का आयोजन संस्थान के श्री राममनोहर लोहिया सभागार में चल रहा है। मूट कोर्ट प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मप्र हाईकोर्ट के पूर्व माननीय न्यायमूर्ति एवं वर्तमान माननीय लोकायुक्त सत्येन्द्र सिंह, मप्र शासन के अतिरिक्त महाधिवक्ता माननीय दीपेन्द्र कुशवाह, बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल की विधि विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मोना पुरोहित, आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के वाइस चांसलर प्रोफेसर योगेश उपाध्याय, आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के स्कूल ऑफ लॉ की डीन प्रोफेसर शोभा भारद्वाज सहित विभिन्न प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और बड़ी संख्या में लॉ के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

इस अवसर पर मप्र हाईकोर्ट के पूर्व न्यायमूर्ति एवं वर्तमान लोकायुक्त सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि किताबी और व्यवहारिक ज्ञान एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने सतत विकास पर बल देते हुए कहा कि समाज की समृद्धि केवल अपराध नियंत्रण से नहीं, बल्कि शिक्षा, चरित्र और पर्यावरण संरक्षण से भी निर्धारित होती है।

मप्र शासन के अतिरिक्त महाधिवक्ता दीपेन्द्र कुशवाह ने कहा ने सिविल जज परीक्षा में बालिकाओं के बढ़ते अनुपात को सराहा। उन्होंने छात्र-छात्राओं को कानूनी क्षेत्र के साथ-साथ राजनीति में भी आने का सुझाव देते हुए कहा कि अच्छे और शिक्षित लोग राजनीति में आएंगे तो देश महान बनेगा और विधि विद्यार्थी इसमें महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

वहीं बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल की विधि विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मोना पुरोहित ने कहा कि कानून की पढ़ाई अत्यंत जिम्मेदारीपूर्ण है।उन्होंने नीति और नैतिकता के अंतर को समझने की आवश्यकता पर जोर दिया।

पांच चरणों में हुई मूट कोर्ट प्रतियोगिता

प्रतियोगिता कुल पांच चरणों में आयोजित की गई। प्रत्येक टीम में दो वक्ता और एक शोधकर्ता को शामिल किया गया था।

प्री-राउंड- पहले प्री-1 और प्री-2 राउंड का आयोजन किया गया, जिसमें एक टीम वादी और दूसरी टीम प्रतिवादी की भूमिका में रहीं सभी टीमों को एक कानूनी समस्या दी गई थी, जिसका अध्ययन कर उन्हें संबंधित कानूनों, विधिक दृष्टांतों और तथ्यों पर आधारित अपने पक्ष न्यायपीठ के समक्ष प्रस्तुत करने थे। इस कार्यक्रम के लिए आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर द्वारा देशभर के प्रख्यात कानूनविदों, अधिवक्ताओं को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने छात्र-छात्राओं के तर्क-वितर्क को गंभीरता से सुना। प्री-राउंड के समापन पर कुल आठ टीमों का क्वार्टर फाइनल के लिए चयन किया गया।

क्वार्टर फाइनल : क्वार्टर फाइनल राउंड में दोनों पक्षों के वक्ता टीमों ने बारी-बारी चार प्रमुख बिंदुओं पर अपने तर्क प्रस्तुत किए। उन न्यायविदों ने उनसे अनेक प्रश्न पूछे और उनके शोध, प्रस्तुति, व्यवहार एवं विधिक कौशल पर मूल्यांकन किया। इस सत्र के अंत में चार टीमों का चयन सेमीफाइनल राउंड के लिए किया गया।

एक नजर में

महिला हिंसा एवं उनके अधिकारों पर हुई संगोष्ठी

ग्वालियर 19 नवम्बर. फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ़ इण्डिया की ग्वालियर द्वारा आज ग्राम तिलोरी मालनपुर में विक्रम वूलेन इंडस्ट्री के कार्यक्षेत्र में महिलाओं के अधिकार एवं महिला हिंसा पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विक्रम वूलेन से सुश्री अर्चना दीक्षित ने महिलाओं को संबोधित किया. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर वीणा प्रधान स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ ने महिला हिंसा एवं स्वास्थ्य सुरक्षा पर विस्तार से जानकारी दी व साथ ही उन्होंने लिंग आधारित हिंसा, गर्भाशय ग्रीवा का कैन्सर एवं स्तन कैंसर क्या होता है और क्या क्या सावधानियां बरतनी चाहिए महिलाओं को जानकारी दी । कार्यक्रम में संस्था की जनरल मैनेजर श्रीमती नीलम दीक्षित द्वारा महिला विकास से जुड़ी शासकीयोजना के बारे में जानकारी देते हुए स्वसहायता समूह की विस्तारपूर्वक जानकारी दी वह किशोर शिक्षा, सुकन्या पोषण आहार शिक्षा से संबंधित योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में संस्था के कार्यक्रम अधिकारी अच्छेद्र सिंह कुशवाह ने महिलाओं के अधिकार एवं महिला हिंसा से संबंधित विषयों पर जानकारी दी महिलाओं ने अपनी अपनी परेशानियाँ रखी व जानकारी प्राप्त की कार्यक्रम में श्रीमती कुश्मा, श्रीमती कविता जी चंचल खुशी रेनू एबं रोहन का विशेष योगदान रहा ।कार्यक्रम में 89 महिलाओं ने संगोष्ठी का लाभ पाया7

यातायात पुलिस ने फूल व पेन देकर दिया संदेश

ग्वालियर ।ग्वालियर की जनता को हेलमेट के प्रति जागरूक एवं प्रोत्साहवर्धन करने के लिए सिटी सेंटर क्षेत्र में राजमाता तिराहा पर यातायात पुलिस के अधिकारियों के साथ हेलमेट जागरूकता अभियान के दौरान वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की सीख देने के साथ ही जो भी वाहन चालक हेलमेट पहने हुए मिले उन्हे सफेद रंग के फूल व पेन बांटे गए। जिन्होंने हेलमेट नहीं पहना था उनके लिए इससे संदेश देने का प्रयास किया गया कि आज के समय हेलमेट कितना अधिक उपयोगी है। हेलमेट पहनकर वाहन चलाने से सड़क हादसे में जीवन बच सकता है। अति. पुलिस अधीक्षक(मध्य/यातायात) श्रीमती अनु बेनीवाल ने उम्मीद जताई कि वाहन चालक हेलमेट पहनकर यातायात नियमों का पालन करेंगे और अन्य लोगों को भी प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर लगभग 50 से अधिक वाहन चालकों को सफेद रंग के फूल व पेन बांटे गये।यातायात पुलिस ग्वालियर द्वारा आगे भी इसी प्रकार से आमजनों को प्रोत्साहवर्धन करने के लिए कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक यातायात अजीत सिंह चौहान उप पुलिस अधीक्षक यातायात अजीत सिंह चौहान, थाना प्रभारी यातायात झांसीरोड कृष्ण पाल तोमर, सूबेदार नीरज सिकरवार तथा अन्य यातायात पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के निर्देश पर उक्त अभियान के तहत वाहन चालकों को अलग-अलग तरीके से हेलमेट की उपयोगिता के संबंध में जागरूक किया जा रहा है।

सैन्य अनुशासन व नारी शक्ति से हुए प्रेरित एनसीसी कैडेट्स ने किया भ्रमण

ग्वालियर। एनसीसी कैडेट्स ने किया ओ.टी.ए ग्वालियर का भ्रमण, सैन्य अनुशासन व 'नारी शक्ति' से हुए प्रेरित। 15 एम.पी. बटालियन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय रॉक क्लाइम्बिंग प्रशिक्षण (सिविर) के अंतर्गत 9 निदेशालयों के कैडेट्स ने ओ.टी.ए ग्वालियर का भ्रमण किया। इस मौके पर कैम्प कमांडर डी.एस. वर्मा ने बताया कि यह भ्रमण कैडेट्स में सैन्य जीवन के प्रति रुचि जगाने, उन्हें अनुशासन का महत्व समझाने तथा विशेष रूप से युवा महिला कैडेट्स को नारी शक्ति के रूप में देश सेवा हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। ओ.टी.ए के डिप्टी कमांडर कर्नल अवनीश तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने कैडेट्स का स्वागत किया और उन्हें अकादमी के इतिहास, उसकी 60 वर्षों की गौरवशाली यात्रा तथा विभिन्न उपलब्धियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उप कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव शिरिन* ने बताया कि विभिन्न 9 निदेशालयों से आए कैडेट्स ने देश की एकमात्र महिला ओ.टी.ए की कार्यप्रणाली, उसका इतिहास और वहाँ दिए जाने वाले कठोर प्रशिक्षण को निकट से समझा। इस अवसर पर सूबेदार मेजर जफ़र अली, नायक सूबेदार निर्देश कुमार, सभी पी.आई. स्टाफ तथा सभी ए.एन.ओ. उपस्थित रहे।

श्रीराम विवाहोत्सव : जनकपुरी से अयोध्या में आई लगुन

ग्वालियर-सकल ब्राह्मण महासमिति एवं सभी समाजों के द्वारा भगवान श्री राम- जानकी, भरत- मांडवी, लक्ष्मण- उर्मिला,शत्रुघ्न श्रुतिकीर्ति का विवाह पंचमी दिनांक 25 नवंबर को होने वाले से विवाहोत्सव में आज सनातन धर्म मंदिर (जनकपुरी) पर पंडित गिरीराज गुरुजी, पंडित रमाकांत शास्त्री, पंडित ब्रह्मदत्त पांडेय, धर्मेंद्र चतुर्वेदी, हरिशंकर मिश्रा, राकेश नारायण दीक्षित ने पीली चिट्ठी के साथ लगुन पत्रिका लेखन वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ संयोजिका श्रीमती रचना गौड ,रेखा चतुर्वेदी, डॉ. सरिता त्रिपाठी, श्रीमती लक्ष्मी पाराशर, महंत सतीश शर्मा केदारपुर, संस्थापक डॉ जयवीर भारद्वाज जी, ब्राह्मण सभा मुरार की अध्यक्षा कांता शर्मा, महासमिति महिला अध्यक्ष श्रीमती बीना भारद्वाज के मुख्य यजमानी में संपन्न हुआ। शहनाई ढोल बजाकर जनकपुरी से अयोध्या अवधपुरी के लिए पीली चिट्ठी एवं लगुन पत्रिका आज पहुंची।

डिवाइडर से टकराई बाइक, एक की मौत, एक घायल

ग्वालियर। गोला का मंदिर से चार शहर का नाका जा रहे नाबालिग युवकों की बाइक डिवाइडर से टकरा गई। तेज रफ्तार बाइक के डिवाइडर से टकराने से एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका इलाज चल रहा है। हादसा गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के सिमको तिराहा के पास हुआ। पुलिस ने मर्ग कायम कर हादसे की जांच शुरू कर दी है। हादसे में जान गंवाने वाले का नाम कृष्णा कुशवाह 17 वर्ष पुत्र अनिल कुशवाह निवासी सुभाष नगर चार शहर का नाका बताया गया है। पता चला है कि दोनों किशोर बाइक से गोला की मंदिर से हजीरा की ओर जा रहे थे तभी बाइक से संतुलन हट गया और डिवाइडर से टकरा गए। घायल नाबालिग का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पता चला है कि कृष्णा कुशवाह को परिजनों ने कुछ दिन पहले ही नई बाइक दिलाई थी।

आम सूचना

श्री कमलेश सिंह बघेल पुत्र श्री जसराम सिंह बघेल के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम खुरैरी, प.ह.नं. 113. तहसील व जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.61 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.966 ग्राम खुरैरी का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 900 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :-पूर्व में-रास्ता, पश्चिम में-भूखण्ड विक्रेता, उत्तर में-भूखण्ड विक्रेता एवं दक्षिण में-भूखण्ड विक्रेता है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री जनवेद पुत्र श्री छाबुआ एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री जनवेदा उर्फ जनवेद द्वारा सम्पत्ति 6334 वर्गफुट एरिया 1. श्रीमती किरन राजपूत पत्नी स्व. श्री सुरेश सिंह राजपूत, 2. श्रीमती प्रेमलता राजपूत पत्नी श्री राजेन्द्र सिंह राजपूत को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. 1165 दिनांक 10.06.2015 से विक्रय की गई। श्रीमती प्रेमलता राजपूत द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री कमलेश सिंह बघेल पुत्र श्री जसराम सिंह बघेल को ई-रजिस्टर्ड विवक्रय विलेख क्र. एमपी 142592016ए 1408044 दिनांक 05.07.2016 से विक्रय की गई। श्री कमलेश सिंह बघेल द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार आवास फायनेसियर्स लिमिटेड वित्तीय संस्थान के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

श्री जसवंत सिंह पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र.70 का उत्तरी भाग एवं भूखण्ड क्र.71 का दक्षिणी भाग, स्थित श्रीराम रेजीडेन्सी, गुलाबपुरी फेस-2, ग्राम खुरैरी, तहसील मुरार व जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.61 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र. 112 ग्राम खुरैरी का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 600 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-भूखण्ड क्र.72 एवं 73 का भाग, पश्चिम में-रास्ता 20 फुट चौड़ा, उत्तर में-भूखण्ड क्र.71 का उत्तरी भाग श्रीमती संगीता देवी एवं दक्षिण में-भूखण्ड क्र.70 का दक्षिणी भाग है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री बच्चू पुत्र श्री ओझा द्वारा श्री जसवत सिंह, श्री अरविन्द सिंह एवं श्री जसवीर सिंह राजपूत पुत्रगण श्री राजेन्द्र सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 142592021ए11086620 दिनांक 17.12.2021 से विक्रय की गई। श्री जसवंत सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्री हरिओम पुत्र श्री मुन्नालाल के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्री हरिओम द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान टायगर होम फायनेन्स प्राइवेट लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अवल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती मन्नत कुकरेजा पत्नी श्री अमित कुकरेजा ने उक्त अचल संपत्ति फ्लेट नं. 301 थर्ड फ्लोर स्थित चव्हाण अपार्टमेन्ट गोविन्द आश्रम के पास चिटनीस की गोठ लश्कर ग्वालियर में है। जिसका म्यु वार्ड क्र. 44 है। जो मेरी पक्षकारा ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरी पक्षकारा के विक्रेतागण भाउ साहब चव्हाण पुत्र स्व. श्री शंकर राव चव्हाण एवं श्रीमती पूर्णिमा चव्हाण पत्नी श्री कोमल चव्हाण के पिता व पुत्रवधु शंकर राव पुत्र श्री केशव राव चव्हाण की पैत्रिक सम्पत्ति है। लेकिन मेरी पक्षकारा के विक्रेता श्रीमती पूर्णिमा चव्हाण पत्नी श्री कोमल चव्हाण छोटे भाई की पुत्रवधु की हैसियत से वसीयतकर्ता पर्वतराव पुत्र स्व. श्री शंकरराव ने अपने जीवनकाल में अचल संपत्ति भवन के आधे भाग की रजिस्टर्ड वसीयत दस्तावेज क्र. 554 तारीखी 06.03.2013 वसीयतग्रहिता श्रीमती पूर्णिमा चव्हाण पत्नी श्री कोमल चव्हाण के हित में लेखबद्ध की गई। लेकिन वसीयतकर्ता पर्वतराव पुत्र स्व. श्री शंकरराव की मृत्यु हो जाने के बाद वसीयतग्रहिता की हैसियत से मालिक व काबिज है। मेरी पक्षकारा के द्वारा किये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है :- पूर्व में-गली व चौक, पश्चिम में-भवन सूरी जी व भवन जैन साहब, उत्तर में-फ्लेट क्र. 302 दक्षिण में-गली जिसका कुल क्षेत्रफल 700 वर्गफुट है। लेकिन मेरी पक्षकारा के विक्रेतागण भाउ साहब चव्हाण पुत्र स्व. श्री शंकर राव चव्हाण एवं श्रीमती पूर्णिमा चव्हाण पत्नी श्री कोमल चव्हाण मालिक व काबिज होकर उक्त अचल सम्पत्ति फ्लेट नं. 301 थर्ड फ्लोर मेरी पक्षकारा श्रीमती मन्नत कुकरेजा पत्नी श्री अमित कुकरेजा को विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को या परिवार के किसी सदस्य को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 7 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी और मेरी पक्षकारा उक्त अचल सम्पत्ति फ्लेट नं. 301 थर्ड फ्लोर का कुल क्षेत्रफल 700 वर्गफुट को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा आई. सी. आई. सी. आई. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड सिटी सेन्टर ग्वालियर से आवंटित करा रही है, जो सुचित हो।

दिनांक-19.11.2025
स्थान-ग्वालियर

भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार, ग्वालियर
मो. 9300981954

आम सूचना

श्री प्रहलाद सिंह जादौन पुत्र श्री नत्थू सिंह जादौन के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र. 193 का उत्तरी भाग एवं भूखण्ड क्र. 192 (सम्पूर्ण), स्थित सांई आनंदपुरम फेस-3, ग्राम सैंथरी, तहसील व जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.62 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.654/1/1/1, 654/1/2 654/1/1/2 664/1/1, 664/1/2 एवं 664/2 ग्राम सैंथरी का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 750 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :-पूर्व में-रास्ता 25 फुट चौड़ा, पश्चिम में-भूमि दीगर, उत्तर में-भूखण्ड क्र. 193 का दक्षिणी-भाग विक्रेता एवं दक्षिण में-भूखण्ड क्र. 191 विक्रेता है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री दामोदर एवं श्री जोधाराम पुत्रगण श्री औतार सिंह के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री जोधाराम का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्री निरंजन सिंह, श्री कल्याण सिंह, श्री विजेन्द्र सिंह एवं श्री गजेन्द्र सिंह पुत्रगण श्री जोधाराम उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्री निरंजन सिंह, श्री कल्याण सिंह, श्री विजेन्द्र सिंह एवं श्री गजेन्द्र सिंह द्वारा सम्पत्ति 0.6270 हैक्टेयर एरिया श्री प्रहलाद सिंह जादौन पुत्र श्री नत्थू सिंह जादौन को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 142592024 ए1700766 दिनांक 04.06.2024 से विक्रय की गई। श्री प्रहलाद सिंह जादौन द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती पप्पी देवी पत्नी श्री शिवकुमार के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती पप्पी देवी द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान टायगर होम फायनेन्स प्राइवेट लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों एवं श्री जोधाराम के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज राहिल मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृप्या सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

जैन मार्बल एंड कोटा स्टोन

हमारे यहां साउथ ग्रेनाइट, राजस्थान ग्रेनाइट, मार्बल, टाईल्स एवं कोटा स्टोन डायरेक्ट फैक्ट्री रेट पर उपलब्ध है

डॉ. विनोद जैन
9425360508

पता - ऋतुराज होटल के पास पुरानी छावनी रोड, ग्वालियर
गोले का मंदिर भिंड रोड, लीला हॉस्पिटल के पास, ग्वालियर
पारस जैन - 74892 60095

डॉ. कुमार क्लीनिक
DR. DINESH KUMAR
M.B.B.S., PGDS, FSPT
SEXYOLOGIST
नवीन पद्धति द्वारा 100% सफल इलाज
गुप्त रोग विशेषज्ञ
2000 से अधिक रोगियों का विश्वास
पता-सिल्वर एस्टेट के पास, सिटी सेन्टर, अभियंक एस्टेट ग्वालियर
संपर्क करें-9090848460